दैनिक सवेरा टाइम्स

छात्र जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर अपने मत का करें प्रयोग : डॉ. सुरेश

सवेरा न्यूज/सुरेन्द्र पांचाल

महिला महाविद्यालय घरौंडा,बसताड़ा में सयुंक्त चित्र करवाते।

घरौंडा, 21 मार्च : महिला महाविद्यालय घरौंडा,बसताड़ा में प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी व कार्यवाहक प्राचार्य नरेश सिंह के दिशा निर्देशन और एनएसएस इकाई के तत्वावधान में सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत गांव बसताड़ा में जल बचाओ रैली निकाली गई तथा मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सुरेश शर्मा ,एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, राजकीय महाविद्यालय घरौंडा ने शिरकत की। कार्यवाहक प्राचार्य नरेश सिंह ने अपने वक्तव्य में छात्राओं से आत्मनिर्भर,जो सात दिवसीय शिविर का मुख्य विषय है उसके बारे में विस्तार से चर्चा की तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान प्रोफेसर रेनू, डॉ. मीनू आनंद, डॉ. विक्रम सिंह तथा सहायक प्रवक्ता पवन कुमार उपस्थित रहे।

HARYANA Edition
Mar 22, 2024 Page No. 16

पंजाब केसरी
FRI,22 MARCH 2024
EDITION: KARNAL KESARI, PAGE NO. 4

छात्राओं ने गांव में निकाली जल बचाओ रैली

रैली निकालती छात्राएं। (स.ह.)

करनाल, 21 मार्च (राकेश): राजकीय महिला महाविद्यालय बसताड़ा में प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी व कार्यवाहक प्राचार्य नरेश सिंह के दिशा निर्देशन और एन.एस.एस. इकाई के तत्वावधान में 7 दिवसीय शिविर के चौथे दिन का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत गांव बसताड़ा में जल बचाओ रैली निकाली गई।

इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सुरेश शर्मा, एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी, राजकीय महाविद्यालय घरौंडा ने शिरकत की। कार्यवाहक प्राचार्य नरेश सिंह ने अपने वक्तव्य में छात्राओं से आत्मनिर्भर जो 7 दिवसीय शिविर का मुख्य विषय है। उसके बारे में विस्तार से चर्चा की तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य वक्ता डॉ. सुरेश शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य, कार्य तथा स्वयंसेविकाओं के कर्त्तव्यों पर व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने वक्तव्य में स्वयंसेविकाओं को समाज की समस्याओं के प्रति जागरूक होकर समाज सेवा के लिए तत्पर रहने तथा व्यक्तित्व के विकास के लिए एन.एस.एस. के महत्व पर प्रकाश डाला।

स्वयंसेविकाओं ने ग्रामवासियों को अपने मत का सही प्रयोग करने के लिए जागरूक किया तथा छात्राओं ने जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर अपने मत का सही प्रयोग करने की शपथ ली। शिविर के दौरान डॉ. मीनू आनंद, डॉ. विक्रम सिंह तथा सहायक प्रवक्ता पवन कुमार उपस्थित रहे।